रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 366] नई दिल्ली, मंगलवार, सितम्बर 19, 2017/भाद्र 28, 1939
No. 366] NEW DELHI, TUESDAY, SEPTEMBER 19, 2017/ BHADRA 28, 1939

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
(बायोटेक्नोलॉजी विभाग)
अधिसूचना

नई दिल्ली, 15 सितम्बर, 2017

सं. आरसीबी/ओआरडी/2017/01.— प्रादेशिक जैवप्रौद्योगिकी केंद्र अधिनियम, 2016 (2016 की 36वीं) की धारा 42 के साथ-साथ धारा 17 की उपधारा (4) के खंड (एफ) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्रीय सरकार एतद्-द्वारा प्रादेशिक जैवप्रौद्योगिकी केंद्र की कार्यक्रम सलाहकार समिति की ओर से प्रादेशिक जैवप्रौद्योगिकी केंद्र के लिए अध्यादेशों को अधिसूचित करती है।

"प्रादेशिक जैव प्रौद्योगिकी केंद्र
(कार्यक्रम सलाहकार समिति)
अध्यादेश

नई दिल्ली, 15 सितम्बर, 2017

सं. आरसीबी/ओआरडी/2017/01.—प्रादेशिक जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र अधिनियम, 2016 (2016 का 36) की धारा 42 के साथ पठित धारा 17 की उप-धारा (4) के खंड (च) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रादेशिक जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र की कार्यक्रम सलाहकार समिति निम्नलिखित अध्यादेश बनाती है, अर्थात् :-

अध्यादेश – 1

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1.1 इन अध्यादेशों का संक्षिप्त नाम प्रादेशिक जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र अध्यादेश, 2017 है ।

1.2 ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

अध्यादेश – 2

परिभाषाएं

2.1 इन अध्यादेशों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(i) "अधिनियम" से प्रादेशिक जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र अधिनियम, 2016 (2016 का 36) अभिप्रेत है ;

(ii) "शैक्षणिक कैलेन्डर" से प्रवेश सम्बन्धी समय सारणी, रजिस्ट्रीकरण, दीर्घकालिक छुट्टियां, परीक्षाएं और परिणामों की घोषणा, जैसे शैक्षणिक क्रियाकलापों को निदर्शित करने वाला शैक्षणिक कैलेन्डर अभिप्रेत है ;

(iii) "शैक्षणिक समिति" से प्रादेशिक केन्द्र या उसके मान्यताप्राप्त केन्द्र की शैक्षणिक समिति अभिप्रेत है, जो अध्ययन बोर्ड द्वारा यथा-मार्गदर्शित क्रियाकलापों को करने हेतु शैक्षणिक और सम्बद्ध क्रियाकलापों के लिए उत्तरदायी है ;

(iv) "बोर्ड" से अधिनियम की धारा 14 के अधीन गठित शासी बोर्ड अभिप्रेत है ;

(v) "अध्यक्ष बोर्ड" से अधिनियम की धारा 21 में निर्दिष्ट प्रादेशिक जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र का अध्ययन बोर्ड अभिप्रेत है ;

(vi) "अध्यादेश" से इन अध्यादेशों का कोई अध्यादेश अभिप्रेत है ;

(vii) "कार्यक्रम सलाहकार समिति" अधिनियम की धारा (17) के अधीन गठित कार्यक्रम सलाहकार समिति अभिप्रेत है ;

(viii) "मान्यताप्राप्त केन्द्र" से परिनियमों के अधीन उस रूप में मान्यताप्राप्त उच्चतर विद्या केन्द्र अभिप्रेत है ;

(ix) "प्रादेशिक केन्द्र" से अधिनियम की धारा 3 के अधीन स्थापित प्रादेशिक जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र अभिप्रेत है ;

(x) "छात्र सलाहकार समिति" से प्रादेशिक केन्द्र या उसके मान्यताप्राप्त केन्द्र के वर्तमान छात्र के परामर्शदाता, मार्गदर्शक के रूप में कार्य करने और उसका पर्यवेक्षण करने के लिए गठित संकाय सदस्यों की समिति अभिप्रेत है ;

(xi) "विनियम" से अधिनियम की धारा 43 के अधीन प्रादेशिक केन्द्र के प्राधिकारियों द्वारा बनाए गए विनियम अभिप्रेत हैं ; और

(xii) "परिनियम" से अधिनियम की धारा 41 के अधीन बोर्ड द्वारा बनाए गए परिनियम अभिप्रेत हैं ।

2.2 उन शब्दों या पदों के, जो इन अध्यादेशों में प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं हैं किन्तु अधिनियम में परिभाषित या प्रयुक्त हैं, वही अर्थ होंगे जो उस अधिनियम में हैं ।

अध्यादेश – 3

शैक्षणिक समिति

3.1 प्रादेशिक केन्द्र और इसके मान्यताप्राप्त केन्द्र के अध्ययन बोर्ड द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुसार उनके शैक्षणिक कार्यक्रमों को संचालित करने तथा उनका प्रबंध करने के लिए पृथक स्वतंत्र शैक्षणिक समितियां होंगी और शैक्षणिक समिति की सिफारिशें अनुसमर्थन के लिए अध्ययन बोर्ड में रखी जाएंगी ।

3.2 प्रादेशिक केन्द्र की शैक्षणिक समिति की संरचना निम्नानुसार होगी, अर्थात् :-

(i) प्रादेशिक केन्द्र से ऐसे दो ज्येष्ठ संकाय सदस्य, जो कार्यकारी निदेशक द्वारा नामनिर्देशित किए जाएं.....सदस्य ;

(ii) एक बाह्य शिक्षाविद्, जो अध्ययन बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाए.....सदस्य ;

(iii) एक बाह्य शिक्षाविद्, जो अध्ययन बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाए.....सदस्य ;

(iv) प्रादेशिक केन्द्र का कुलसचिव.....सदस्य ; और

(v) प्रादेशिक केन्द्र से शैक्षणिक समन्वयक, जो कार्यपालक निदेशक द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाए.....सदस्य-सचिव ।

3.3 मान्यताप्राप्त केन्द्र की शैक्षणिक समिति की संरचना वह होगी जो प्रादेशिक जैव प्रौद्योगिक केन्द्र (भारत के भीतर उच्चतर शिक्षा संस्था मान्यताप्राप्त संस्था और शैक्षणिक कार्यक्रम संचालन) विनियम, 2017 में उपबंधित है ।

3.4 अध्यादेश 3.2 में नामनिर्दिष्ट सदस्यों की पदावधि तीन वर्ष की होगी ।

3.5 शैक्षणिक समिति की शक्ति का और कृत्य वे होंगे जो नीचे विनिर्दिष्ट है, अर्थात् :-

(i) प्रादेशिक केन्द्र के शैक्षणिक कार्यक्रम के संचालन और संक्रियाओं का साधारण पर्यवेक्षण करना ;

(ii) शैक्षणिक कैलेन्डर तैयार करना, छात्र मामलों, प्रवेश मानदंड, चयन पद्धतियों और छात्र प्रवेश प्रक्रिया पर सलाह देना ;

(iii) केन्द्र के शैक्षणिक कृत्यों, अनुशासन, आवास, अध्येतावृत्ति, अध्ययनवृत्ति, छात्रवृत्ति, पदकों और पुरस्कारों को प्रदान करने तथा हाजरी के बारे में अधिनियम, परिनियमों और इन अध्यादेशों से संगत सन्नियम और मानक बनाना ;

(iv) विश्वविद्यालयों और अन्य संस्थाओं के डिप्लोमाओं तथा डिग्रियों को मान्यता प्रदान करना, उनकी समतुल्यता का अवधारण करना ।

अध्यादेश – 4

शैक्षणिक कैलेन्डर

4.1 प्रादेशिक केन्द्र के लिए एक शैक्षणिक कैलेन्डर होगा और शैक्षणिक सक्ष प्रसामान्यतः प्रत्येक कार्यक्रम के लिए शैक्षणिक समिति द्वारा यथा-विहित तारीखों से प्रारम्भ होगा।

4.2 शैक्षणिक सत्रों के लिए तय किए गए महत्वपूर्ण शैक्षणिक कार्यक्रमों और विशिष्टतः विज्ञापन निकालने, प्रवेश के लिए परीक्षा संचालन, यदि कोई अभिविन्यास, रजिस्ट्रीकरण, विलम्ब से रजिस्ट्रीकरण, कक्षाओं का प्रारम्भ किया जाना, दस्तावेजों का प्रस्तुत किया जाना, परीक्षा, परीक्षा परिणामों की घोषणा, दीर्घकालीन अवकाश (जहां लागू हो) और ऐसे अन्य विषय, जो शैक्षणिक कैलेन्डर में विनिर्दिष्ट किए जाएं, के लिए सही तारीखें शैक्षणिक कैलेन्डर में विनिर्दिष्ट की जाएंगी ।

4.3 अध्यादेश 4.1 में निर्दिष्ट शैक्षणिक सत्र प्रसामान्यतः प्रत्येक वर्ष जुलाई में प्रारम्भ होगा और प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में दो नियमित सत्र (मानसून सेमेस्टर, जुलाई-दिसम्बर ; और शरत सेमेस्टर, जनवरी-मई) होंगे । प्रत्येक ऐसा सेमेस्टर एक सप्ताह के मध्य सेमेस्टर विश्रान्तिकाल तथा दो सप्ताह की परीक्षा अवधि के अलावा लगभग पन्द्रह कार्य सप्ताह होंगे और इसके अतिरिक्त, जून और जुलाई मास के दौरान चार सप्ताह से छह सप्ताह का ग्रीष्म सेमेस्टर, जिसका अल्पकालीन प्रशिक्षण या कार्यशाला या वैसे ही अन्य कार्यक्रमों के लिए उपयोग किया जा सकेगा ।

4.4 सत्र के दौरान प्रादेशिक केन्द्र और मान्यताप्राप्त केन्द्र या उसमें किसी परिवर्तन के लिए शैक्षणिक कैलेन्डर से सम्बन्धित शैक्षणिक समिति का अनुमोदन अपेक्षित होगा ।

4.5 अन्तरर्ष्ट्रीय छात्रों को समायोजित करने के लिए शैक्षणिक कैलेन्डर में विहित विभिन्न तारीखों में कुछ सुनम्यता वांछनीय हो सकेगी और ऐसे प्रयोजनों के लिए शैक्षणिक समिति मामले दर मामले आधार पर आवश्यक शिथिलता प्रदान कर सकेगा ।

अध्यादेश – 5

छात्रों का प्रवेश

5.1 प्रादेशिक केन्द्र, जिसमें मान्यताप्राप्त केन्द्र भी है, अधिनियम, अध्यादेशों और विनियमों के उपबंधों का पालन करते हुए किसी या सभी अध्ययन कार्यक्रमों के लिए छात्र को प्रवेश देगा । प्रादेशिक केन्द्र स्त्री-पुरूष और उभयलिंगी, चाहे वे किसी मूलवंश, जाति या वर्ग के व्यक्ति हो, के लिए खुला होगा और छात्रों को प्रवेश देते समय धार्मिक विश्वास या मान्यता के बारे में कोई कसौटी या शर्त अधिरोपित नहीं की जाएगी ।

5.2 अधिनियम और परिनियम के उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना कोई छात्र प्रादेशिक केन्द्र या उसके मान्यता प्राप्त केन्द्र में अध्ययन के किसी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इस शर्त के अधीन रहते हुए पात्र होगा कि उसने अध्ययन बोर्ड द्वारा अनुमोदित सन्नियमों और मानकों के अनुसार प्रवेश या प्रादेशिक केन्द्र द्वारा अध्ययन के विनिर्दिष्ट कार्यक्रम की पूर्वापेक्षा के रूप में विहित कोई राष्ट्रीय परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है ।

5.3 ऐसे सभी छात्रों पर, जो आवश्यक अर्हताओं को पूरा करते हैं, अभ्यर्थी के शैक्षणिक अभिलेख और प्रवेश परीक्षा, मौखिक परीक्षा और साक्षात्कार, यदि कोई हो जो अध्ययन बोर्ड द्वारा अध्ययन के प्रत्येक कार्यक्रम के लिए अवधारित किया जाए, में उसके निष्पादन के आधार पर प्रवेश के लिए विचार किया जा सकेगा ।

5.4 प्रादेशिक केन्द्र या उसके मान्यताप्राप्त केन्द्र द्वारा प्रस्थापित अध्ययन के किसी विनिर्दिष्ट कार्यक्रम में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थी ऐसे प्रयोजन के लिए समय-समय पर विज्ञापन में नियत और अधिसूचित अंतिम तारीख के भीतर विहित आवेदन प्ररूप (ऑनलाइन या ऑफलाइन या दोनों में उपलब्ध) में आवेदन कर सकेंगे ।

5.5 केन्द्रीय प्रादेशिक केन्द्र में विशिष्ट पाठ्यक्रम में प्रवेश दिए जाने वाले छात्रों की संख्या तथा ऐसे पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश की अंतिम तारीख प्रत्येक वर्ष परिवर्तित हो सकेगी और संभारतंत्र मुद्दों पर विचार करते हुए शैक्षणिक समिति द्वारा नियत की जाएगी ।

5.6 प्रादेशिक केन्द्र द्वारा प्रस्थापित कार्यक्रमों के लिए न्यूनतम और अधिकतम कालावधि अध्ययन बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएगी ।

5.7 किसी छात्र को एक समय में प्रादेशिक केन्द्र के एक से अधिक कार्यक्रम में सामान्यतया प्रवेश नहीं दिया जाएगा ।

5.8 ऐसे अभ्यर्थियों पर, जो अपनी अर्हक डिग्री के अन्तिम वर्ष में अध्ययन कर रहे हों, इस शर्त के अधीन रहते हुए कार्यक्रम अनंतिम प्रवेश के लिए विचार किया जाएगा कि वे सभी अन्य अपेक्षा को पूरा करते हैं ।

5.9 ऐसा प्रत्येक छात्र, जिसे प्रादेशिक केन्द्र के अध्ययन के किसी कार्यक्रम में अनंतिम रूप से या अन्यथा प्रवेश दिया गया है, अर्हक डिग्री या अनंतिम प्रमाणपत्र की प्रतियां प्रस्तुत करेगा या अन्य ऐसे दस्तावेज, जो शैक्षणिक समिति द्वारा अवधारित की जाएं तथा ये दस्तावेज, उस तारीख तक, जो ऐसे प्रयोजन के लिए अवधारित की जाए, प्रस्तुत किए जाने चाहिए । किसी ऐसे छात्र का अनंतिम प्रवेश या अन्यथा, जो न तो नियत तारीख तक अपेक्षित दस्तावेज प्रस्तुत करता है या प्रवेश के लिए किसी अन्य नियत अपेक्षा को पूरा करने में असफल रहता है, रद्द कर दिया जा सकेगा ।

5.10 यदि कोई छात्र, जिसे अध्ययन के किसी कार्यक्रम में प्रवेश दिया गया है, चिकित्सक दृष्टया अयोग्य पाया जाता है, उसका प्रवेश रद्द कर दिया जाएगा । अभ्यर्थी को विहित फीस का संदाय करने के पश्चात् प्रादेशिक केन्द्र या मान्यताप्राप्त केन्द्र के अध्ययन से सम्बन्धित कार्यक्रम के लिए विनिर्दिष्ट चयन मानदंड के आधार पर प्रादेशिक केन्द्र के कार्यक्रम में प्रवेश दिया जाएगा ।

5.11 प्रादेशिक केन्द्र के अध्ययन के कार्यक्रमों में प्रवेश दिए गए सभी छात्र/छात्रों को वास्तविक छात्र के रूप में पहचान पत्र जारी किया जाएगा और ऐसा पहचान पत्र प्रादेशिक केन्द्र के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया जाएगा ।

5.12 यदि किसी समय यह पाया जाता है कि ऐसे छात्र ने मिथ्या या गलत कथन किया या प्रवेश पाने के लिए अन्य कपटपूर्ण साधनों का प्रयोग किया है, उसका नाम प्रादेशिक केन्द्र की नामावली से हटा दिया जाएगा ।

अध्यादेश – 6

विदेश से आए छात्रों का प्रवेश

6.1 अधिनियम के उपबंधों के अनुसरण में प्रादेशिक केन्द्र अपने उद्देश्यों को आगे बढ़ायेगा और अन्य राष्ट्रीय, प्रादेशिक तथा यूनेस्को के सदस्य देशों की अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं तथा प्रादेशिक केन्द्र के विजन और उद्देश्यों को पूरा करते हुए क्षेत्र में ऐसी अन्य संस्थाओं के निकट सहयोग से कृत्यों का निर्वहन करेगा ।

6.2 प्रादेशिक केन्द्र ऐसे प्रयोजन के लिए समय-समय पर उद्घोषित भारत सरकार के सन्नियमों और मानकों का पालन करते हुए विदेश से आए हुए छात्रों को प्रवेश देगा ।

6.3 भारतीय विदेशी शिक्षा के संवर्धन के लिए भारत सरकार की स्कीम और इसके पश्चात्, साउथ एशियन यूनिवर्सिटी, केन्द्रीय सरकार द्वारा वित्त पोषित संस्थाएं, जिनके अन्तर्गत भारत में राष्ट्रीय प्रौद्योगिक संस्थानों (एनआईटी) या भारतीय प्रौद्योगिक संस्थानों (आईआईटी) द्वारा क्रियान्वित की जा रही मानव संसाधन विकास से सम्बन्धित सरकार के मंत्रालय के विदेशी छात्रों को सीधा प्रवेश (डीएएसए) देने सम्बन्धी स्कीम भी है, अध्यादेश 6.2 में निर्दिष्ट छात्रों के प्रवेश के लिए आधार तैयार करेंगी ।

6.4 भारत सरकार की स्कीम और कार्यक्रम, जैसे प्रवासी बालकों के लिए छात्रवृत्ति का भी अध्यादेश 6.2 में निर्दिष्ट और प्रादेशिक केन्द्र में प्रवेश दिए गए छात्रों के मामले में अनुसरण किया जाएगा ।

6.5 प्रादेशिक केन्द्र ऐसे निबंधनों और शर्तों, जो बोर्ड द्वारा अवधारित की जाएं, के साथ विदेशी छात्रों के प्रवेश का समर्थन करने के लिए छात्रवृत्ति या अध्येयतावृत्ति भी संस्थित करेगा ।

अध्यादेश – 7

अध्ययन के कार्यक्रमों के लिए छात्रों का रजिस्ट्रीकरण

7.1 प्रत्येक सेमेस्टर के प्रारम्भ से पूर्व प्रत्येक छात्र जब तक अन्यथा, शैक्षणिक समिति द्वारा छूट प्राप्त न हो, शैक्षणिक कैलेन्डर में यथा-विनिर्दिष्ट रजिस्ट्रीकरण तारीख को उस सेमेस्टर के दौरान अध्ययन किए जाने वाले पाठ्यक्रमों के लिए रजिस्ट्रीकृत करेगा ।

7.2 प्रत्येक छात्र को अध्ययन बोर्ड द्वारा यथा-अवधारित छात्रों के लिए आचार संहिता और शैक्षणिक सत्यनिष्ठा का अनुसरण और पालन करने के लिए एक वचनबंध पर हस्ताक्षर करने होंगे ।

7.3 सेमेस्टर फीस और प्रादेशिक केन्द्र के आवास हॉलों या किसी अन्य मान्यताप्राप्त खंड के लिए छात्र के नाम में बकाया सभी अन्य शोध्यों का संदाय अध्यादेश 7.1 के अधीन रजिस्ट्रीकरण के लिए सामान्यतः एक पूर्व शर्त होगी ।

7.4 वास्विक कारणों के लिए छात्रों को विहित विलम्ब रजिस्ट्रीकरण फीस के संदाय और शैक्षणिक समिति के अध्यक्ष द्वारा अनुमोदन पर शैक्षणिक कैलेन्डर में इस प्रकार विनिर्दिष्ट तारीख को किसी सेमेस्टर में विलम्ब से रजिस्टर करने की अनुमति दी जा सकेगी ।

7.5 अध्यादेश 7.1 के अधीन किसी छात्र के रजिस्ट्रीकरण को शैक्षणिक समिति द्वारा अधिकथित सन्नियमों के अनुसार भागतः या पूर्णतः सेमेस्टर के दौरान रद्द किया जा सकेगा या बदला जा सकेगा ।

7.6 प्रादेशिक केन्द्र में किसी छात्र को किसी पाठ्यक्रम में लैटर ग्रेट केवल तभी दिया जा सकेगा, जब छात्र लैटर ग्रेड दिए जाने के समय पाठ्यक्रम में सम्यकतः रजिस्ट्रीकृत किया गया है और छात्र के विरूद्ध किसी भी प्रकार का कोई देय नहीं है ।

7.7 अध्यादेश 7.1 के अधीन किसी छात्र का रजिस्ट्रीकरण निम्नलिखित परिस्थितियों में रद्द किया जा सकेगा, अर्थात् :-

(क) छात्र प्रादेशिक केन्द्र से पत्र में उसके उल्लिखित कारणों के कारण त्यागपत्र देता है;

(ख) छात्र निरंतर अनुपस्थित रहता है या वह दस कार्यदिवसों तक किसी सूचना के बिना प्रयोगशाला या प्रादेशिक केन्द्र से अनुपस्थित रहता है ;

(ग) प्रादेशिक केन्द्र के अनुशासनिक सन्नियमों और मानकों के अनुसार किसी अन्य अप्रिय घटना या अनुशासनिक कार्यवाइयों के कारण ।

अध्यादेश – 8

डॉ ऑफ फिलॉसफी कार्यक्रम

8.1 प्रवेश:

8.1.1 प्रादेशिक केन्द्र में डॉ ऑफ फिलॉसफी कार्यक्रम में प्रवेश के लिए न्यूनतम अर्हता विज्ञान और प्रौद्योगिकी के किसी भी क्षेत्र में मान्यताप्राप्त संस्था से मास्टर डिग्री होगी या किसी विश्वविद्यालय या शैक्षणिक समिति द्वारा मान्यताप्राप्त संस्था से बैचलर ऑफ मेडिसिन, बैचलर ऑफ सर्जरी डिग्री या उसके समतुल्य डिग्री होगी और शैक्षणिक समिति ऐसे पाठ्यक्रम के लिए आवेदन करने हेतु न्यूनतम अर्हत अंक निर्धारित करेगी।

8.1.2 अध्यादेश 8.1.1 में विनिर्दिष्ट अर्हता के अतिरिक्त प्रवेश पाने वाला अभ्यर्थी डॉ ऑफ फिलॉसफी कार्यक्रम के लिए राष्ट्रीय स्तरीय परीक्षा में अर्हता प्राप्त करेगा और ऐसी परीक्षा के अन्तर्गत डॉक्टरल अध्येयतावृत्ति या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग या वैज्ञानिक तथा प्रौद्योगिक अनुसंधान परिषद् या भारतीय आयुर्विज्ञान अनुदान परिषद् या विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग या जैव प्रौद्योगिकी विभाग या किसी अन्य सरकारी मान्यताप्राप्त अभिकरण द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर संचालित प्रवेश पात्रता परीक्षा भी है।

8.1.3 ऐसे अभ्यर्थियों को, जिनके पास अध्यादेश 8.1.1 में विनिर्दिष्ट अर्हताएं हैं और जिन्होंने अध्यादेश 8.1.2 में विनिर्दिष्ट परीक्षा में अर्हता प्राप्त की हैं, लिखित परीक्षा या साक्षात्कार या दोनों, जो शैक्षणिक समिति द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएं, के पश्चात् डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी कार्यक्रम में प्रवेश दिया जाएगा।

8.1.4 आरक्षणों और छूट से सम्बन्धित समय पर जारी केन्द्रीय सरकार के आदेशों प्रादेशिक केन्द्र डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी कार्यक्रम में प्रवेश के लिए अनुसरण किया जाएगा

8.1.5 मान्यताप्राप्त केन्द्र ऐसी सदृश प्रवेश प्रक्रिया का अनुसरण करेगा जिसका अनुमोदन अध्ययन बोर्ड द्वारा किया जाएगा।

8.1.6 प्रादेशिक केन्द्र में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी कार्यक्रम में प्रवेश के लिए अधिसूचना को राष्ट्रीय समाचार पत्रों में तथा प्रादेशिक केन्द्र की वेबसाइट पर व्यापक रूप से विज्ञापित किया जाएगा।

8.1.7 प्रादेशिक केन्द्र इस सम्बन्ध में केन्द्रीय सरकारी की नीतियों तथा विनिश्चयों का अनुसरण करते हुए डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी कार्यक्रम के लिए अन्य देशों से आए छात्रों के प्रवेश के लिए खुला होगा।

8.2 डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी कार्यक्रम की प्रकृति :-

8.2.1 प्रादेशिक केन्द्र में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी कार्यक्रम निम्नलिखित दो संघटकों से मिलकर बनेगा, अर्थात् :-

(i) पाठ्यक्रम कार्य ; और

(ii) शोधपत्र प्रस्तुत करने के लिए अनुसंधान कार्य

8.2.2 प्रादेशिक केन्द्र में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी कार्यक्रम न्यूनतम तीन वर्ष और अधिकतम छह वर्ष की न्यूनतम अवधि के लिए होगा जिसके अन्तर्गत पाठ्यक्रम कार्य भी होगा जो सामान्यतः एक शैक्षणिक वर्ष या दो सेमेस्टरों से अधिक नहीं होगा और ऐसे पाठ्यक्रम कार्य का साधारण लक्ष्य छात्रों को मौलिक प्रयोगशाला कौशल से अवगत कराने के लिए तथा विशेषीकृत क्षेत्रों में अनुसंधान करने के लिए व्यपक ज्ञान प्रादन करने के लिए होगा।

8.2.3 प्रादेशिक केन्द्र को कार्यकारी निदेशक द्वारा गठित व्यष्टिक विनिर्दिष्ट छात्र सलाहकार समिति (एसएसी) प्रादेशिक केन्द्र में प्रत्येक डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी छात्र को नियमित परामर्श, पर्यवेक्षण तथा मार्गदर्शन प्रदान करेगी।

8.2.4 अध्यादेश 8.2.2 में निर्दिष्ट छह वर्ष की अवधि से आगे अधिछात्रवृत्ति अध्यादेश 8.2.3 में निर्दिष्ट छात्र सलाहकार समिति की सिफारिशिक और शैक्षणिक समिति के अनुमोदन के आधार पर जारी कर सकेगी किन्तु आठ वर्ष से आगे नहीं बढ़ायी जाएगी।

8.3 छात्र सलाहकार समिति :-

8.3.1 ऐसा प्रादेशिक केन्द्र या मान्यताप्राप्त केन्द्र, जिसमें छात्रों को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी कार्यक्रम के लिए प्रवेश दिया जाता है, प्रत्येक छात्र को मार्गदर्शक और यदि आवश्यक हुआ तो सह-मार्गदर्शक, ऐसे कार्यक्रम के शोधपत्र अनुसंधान संघटक के

आरम्भ से पहले आबंटित करेगा और शैक्षणिक समिति ऐसे मार्गदर्शक और सह-मार्गदर्शक, यदि कोई हो, के नाम का अनुमोदन करेगी।

8.3.2 अध्यादेश 8.3.1 में निर्दिष्ट डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी छात्रों का पर्यवेक्षण करने के लिए मार्गदर्शकों का प्रत्यायन प्रादेशिक केन्द्र के भीतर शैक्षणिक समन्वयक और सहायक आचार्य या उच्चतर पंक्ति के संकाय की सिफारिशों पर आधारित अध्ययन बोर्ड द्वारा किया जाएगा और मान्यताप्राप्त केन्द्र में समतुल्य हैसियत में कोई वैज्ञानिक डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी कार्यक्रम मार्गदर्शक के रूप में विचार किए जाने के लिए पात्र होगा।

8.3.3 अध्यादेश 8.2.3 में निर्दिष्ट व्यष्टिक छात्र सलाहकार समिति, जिसकी अध्यक्षता अध्यादेश 8.3.1 में निर्दिष्ट मार्गदर्शक द्वारा की जाएगी, सहायक आचार्य या उच्चर पंक्ति के समतुल्य ज्येष्ठ सदस्य तथा एक या अधिक बाह्य विशेषज्ञों से मिलकर बनेगी।

8.3.4 व्यष्टिक छात्र सलाहकार समिति प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष में कम से कम एक बार बैठक करेगी और सम्बद्ध छात्र की प्रगति पर अपनी रिपोर्ट सम्बन्धित शैक्षणिक समिति को प्रस्तुत करेगी।

8.3.5 यदि शोधपत्र प्रस्तुत करने से पूर्व अध्यादेश 8.3.1 में निर्दिष्ट मार्गदर्शक या सहमार्गदर्शक दीर्घकालीन अवकाश पर चला जाता है, त्यागपत्र दे देता है, अधिवार्षिता की आयु प्राप्त होने पर सेवानिवृत्त होता है, यथा-स्थिति, प्रादेशिक केन्द्र या मान्यताप्राप्त केन्द्र का संकाय सदस्य नहीं रह जाता है, यथा-स्थिति, नया मार्गदर्शक या सहमार्गदर्शक की नियुक्ति की जाएगी, किन्दु, यदि शोधपत्र से सम्बन्धित सम्पूर्ण प्रयोगात्मक कार्य या विश्लेषण पूरा हो गया, कार्यक्रम समन्वयक के शोधपत्र के मूल्यांकन सम्बन्धी अधूरी रह गई नौतिक औपचारिताओं को पूरा करने के लिए नियुक्त किया जा सकेगा और सम्बन्धित शैक्षणिक समिति ऐसी नियुक्ति और परिवर्तन का अनुमोदन कर सकेगी।

8.3.5 छात्र को शैक्षणिक समिति के अनुमोदन से डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी के पहले दो वर्ष के दौरान एक से अनधिक बार अध्यादेश 8.3.1 में निर्दिष्ट मार्गदर्शक को बदलने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा।

8.3.6 छात्र का प्रवेश अध्यादेश 8.3.1 या अध्यादेश 8.3.5 के अधीन विनिर्दिष्ट छात्र सलाहकार समिति की सिफारिश पर डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी कार्यक्रम के प्रथम दो वर्ष के दौरान शैक्षणिक समिति द्वारा अध्यादेश 8.3.1 या अध्यादेश 8.3.1 के अधीन नियुक्त सम्बद्ध मार्गदर्शक द्वारा अनुरोध किए गए अनुसार प्रगति द्वारा शून्यता के आधार पर और अभ्यर्थी का अपने पक्ष के बचाव में सम्यक अवसर देने के पश्चात् भी रद्द किया जा सकेगा।

8.4 पाठ्यक्रम कार्य :-

8.4.1 अध्यादेश 8.3.1 में निर्दिष्ट छात्र को अध्ययन बोर्ड द्वारा यथा--विनिर्दिष्ट पाठ्यक्रम कार्य पूरा करना होता है और जब कभी किसी पाठ्यक्रम या पाठ्यक्रमों को विषयों या सहबद्ध विषयों या दोनों पर एक या अनेक टर्म पेपर द्वारा प्रतिस्थापित किया जा सकता है जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि पाठ्यक्रम कार्य का मूलभूत आशय अर्थात् छात्र को असीम ज्ञान प्राप्त कराना, पूरा होता है।

8.4.2 अष्ट बिन्दु मानदंड पर, अध्यादेश 8.3.1 में निर्दिष्ट छात्र से अपेक्षा की जाती है कि 6.5 का वह नूयनतम संचीय ग्रेड प्वाइन्ट औसत (सीजीपीए) प्राप्त करता है और अध्यादेश 8.4.1 में निर्दिष्ट पाठ्यक्रम कार्य के सफलतापूर्वक पूरा हो जाने के पश्चात्, प्रादेशिक केन्द्र का कुलसचिव अभ्यर्थी को ग्रेड कार्ड जारी करेगा।

8.5 शोधपत्र अनुसंधान कार्य :-

8.5.1 अध्यादेश 8.2.3 में विनिर्दिष्ट व्यष्टिक छात्र सलाहकार समिति अपनी पहली बैठक में अनुसंधान कार्य आरम्भ करने से पूर्व शोधपत्र नयाचार का पुनर्विलोकन और अनुमोदन करेगी।

8.5.2 प्रस्तावित अनुसंधान कार्य के पूरा होने के पश्चात्, व्यष्टिक छात्र सलाहकार समिति शोधपत्र सार का पुनर्विलोकन करेगी और यदि समाधानप्रद रूप में पाया जाता है तो डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी शोधपत्र के रूप में अनुसंधान कार्य को प्रस्तुती करने की सिफारिश करेगा।

8.5.3 अध्यादेश 8.3.2 में निर्दिष्ट शैक्षणिक समन्वयक प्रादेशिक केन्द्र के संकायाध्यक्ष (शैक्षणिक) के माध्यम से अध्ययन बोर्ड के अध्यक्ष को व्यष्टिक छात्र सलाहकार द्वारा सिफारिश किए गए अनुसार शोधपत्र सार एवं छह परीक्षकों की सूची भेजेगा जो उन चार परीक्षकों को छाटेंगे जो व्यष्टिक छात्र सलाकार समिति द्वारा सिफारिश की गई सूची से हों या नहीं हों और ऐसे परीक्षकों की सहमति शोधपत्र की जांच करने के लिए उनकी रजामंदी की अपेक्षा की जाएगी।

8.5.4 अध्यादेश 8.3.1 में निर्दिष्ट छात्र अध्यादेश 8.2.3 में विनिर्दिष्ट व्यष्टिक छात्र सलाहकार समिति द्वारा सार के अनुमोदन के छह मास के भीतर शोधपत्र की सॉफ्ट कॉपी और साथ ही शोधपत्र की चार हार्ड कॉपी प्रादेशिक केन्द्र के संकायाध्यक्ष (शैक्षणिक) को प्रस्तुत करेगा और ऐसी समय-सीमा को पात्र मामलों में प्रादेशिक केन्द्र संकायाध्यक्ष (शैक्षणिक) दवारा शिथिल की जा सकेंगी ।

8.5.5 प्रादेशिक केन्द्र का कुलसचिव अध्ययन बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित सूची में पहले दो परीक्षकों को शोधपत्र भेजेगा और उनके साथ पश्चात्वर्ती पत्राचार को मॉनीटर करेगा ।

8.5.6 अध्यादेश 8.5.5 में निर्दिष्ट परीक्षकों को प्रत्येक रिपोर्ट विनिर्दिष्ट सिफारिशों का निष्कर्ष निकालेगी कि शोधपत्र -

(i) पीएचडी डिग्री देने के लिए स्वीकार किया जाए ;

(ii) पुनरीक्षण के पश्चात् स्वीकार किया जाए ;

(iii) अस्वीकार किया जाए ।

8.5.7 परीक्षकों से शोधपत्र की प्राप्ति की तारीख से आठ सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने की प्रत्याशा की जाती है और इस शोधपत्र रिपोर्ट को प्राप्त करने में हुए अनुचित विलम्ब के मामले में प्रादेशिक केन्द्र का कुलसचिव प्रादेशिक केन्द्र के संकायाध्यक्ष (शैक्षणिक) के अनुमोदन से परीक्षक के रूप में कार्य करने के लिए परीक्षकों की सूची में अगले व्यक्ति को अनुरोध कर सकेगा ।

8.5.8 यदि अध्यादेश 8.3.1 में निर्दिष्ट छात्र का शोधपत्र दोनों परीक्षकों में अस्वीकार कर दिया जाता है तो छात्र का रजिस्ट्रीकरण रद्द कर दिया जाएगा ।

8.5.9 यदि एक या दोनों परीक्षक अध्यादेश 8.3.1 में निर्दिष्ट छात्र के शोधपत्र का पुनरीक्षण करने का सुझाव देते हैं तो सुझाव दिया गया पुनरीक्षण छात्र को संसूचित किया जाएगा और इसे सम्यकतः पुनरीक्षित किए जाने के पश्चात्, शोधपत्र परीक्षक को पुनः भेजा जाएगा, यदि उसके द्वारा ऐसी सिफारिश की जाती है, अध्यादेश 8.2.3 में विनिर्दिष्ट व्यष्टिक छात्र सलाकार समिति पुनरीक्षणों की स्वीकार्यता के बारे में विनिश्चय करेगी ।

8.5.10 यदि अध्यादेश 8.5.9 में निर्दिष्ट शोधपत्र पुनरीक्षण किए जाने के पश्चात् भी दोनों परीक्षकों द्वारा अस्वीकार कर दिया जाता है तो सम्बद्ध छात्र का रजिस्ट्रीकरण रद्द कर दिया जाएगा ।

8.5.11 यदि अध्यादेश 8.5.9 में निर्दिष्ट शोधपत्र के परीक्षकों में से केवल एक परीक्षक की रिपोर्ट नकारात्मक है, तब प्रादेशिक केन्द्र का संकायाध्यक्ष (शैक्षणिक) तीसरे परीक्षक की राय ले सकता है ।

8.5.12 यदि अध्यादेश 8.5.11 के अधीन नियुक्त तीसरा परीक्षक भी यह घोषणा करता है कि शोधपत्र डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की डिग्री देने के लिए स्वीकार्य नहीं है तो सम्बद्ध छात्र का रजिस्ट्रीकरण रद्द कर दिया जाएगा ।

8.5.13 यदि अध्यादेश 8.3.1 में निर्दिष्ट छात्र के शोधपत्र की डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की डिग्री देने के लिए सिफारिश की जाती है तो छात्र की अध्ययन बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा यथा--विनिश्चित शोधपत्र मार्गदर्शक और शोधपत्र मूल्यांककों में से एक मूल्यांकक से मिलकर बने मौखिक परीक्षा बोर्ड द्वारा परीक्षा ली जाएगी और यदि ऐसा परीक्षा बोर्ड छात्र के निष्पादन से संतुष्ट हो जाता है तो वह उस छात्र को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की डिग्री देने की सिफारिश करने वाली अपनी रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करेगा ।

8.5.14 यदि परीक्षा बोर्ड छात्र के निष्पादन से संतुष्ट नहीं है तो वह ऐसी अन्य तारीख नियत करेगा जो पहली मौखिक परीक्षा की तारीख के पश्चात् एक महीने से पहले की और उससे छह मास से बाद की नहीं होगी और यदि छात्र का निष्पादन दूसरी मौखिक परीक्षा में भी असंतोषजनक पाया जाता है तो मामला विनिश्चय के लिए अध्ययन बोर्ड को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

8.5.15 सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित अध्यादेश 8.5.13 में निर्दिष्ट मौखिक परीक्षा की बोर्ड की रिपोर्ट डिग्री प्रदान करने के लिए शैक्षणिक समन्वयक के माध्यम से प्रादेशिक केन्द्र के संकायाध्यक्ष (शैक्षणिक) के कार्यालय में अवश्य पहुंच जाना चाहिए ।

8.5.16 बोर्ड, अध्ययन बोर्ड की सिफारिश के आधार पर अध्यादेश 8.3.1 में निर्दिष्ट छात्र को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की डिग्री प्रदान करने का अनुमोदन करेगी ।

8.5.17 कार्यकारी निदेशक अध्यादेश 8.5.13 और प्रादेशिक केन्द्र के संकायाध्यक्ष (शैक्षणिक) की सिफारिश में निर्दिष्ट मौखिक परीक्षा बोर्ड की रिपोर्ट पर आधारित सम्बद्ध छात्र को अनन्तिम डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की डिग्री का प्रमाणपत्र जारी करेगा ।

8.5.18 अध्यादेश 8.3.1 में निर्दिष्ट ऐसे छात्र को, जो कार्यक्रम से पहले निकलता है, प्रादेशिक केन्द्र के कुलसचिव द्वारा पूरे किए गए पाठ्यक्रमों के लिए प्राप्त किए गए श्रेयों का प्रमाणपत्र दिया जा सकेगा ।

अध्यादेश – 9

डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (एकीकृत) डिग्री कार्यक्रम

9.1 प्रवेश :-

9.1.1 प्रादेशिक केन्द्र में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (एकीकृत) कार्यक्रम में प्रवेश के लिए न्यूनतम अर्हता विज्ञान या इंजीनियरी या आयुर्विज्ञान में बैचलर डिग्री या उसके समतुल्य डिग्री होगी ।

9.1.2 शैक्षणिक समिति ऐसे प्रवेश के लिए आवेदन करने हेतु न्यूनतम अर्हक अंक निर्धारित करेगी ।

9.1.3 प्रादेशिक केन्द्र में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (एकीकृत) कार्यक्रम में आवेदकों का प्रवेश अध्ययन बोर्ड द्वारा यथा-अनुमोदित लिखित परीक्षा या साक्षात्कार या दोनों के द्वारा होगा ।

9.1.4 आरक्षण और छूट से सम्बन्धित समय-समय पर जारी किए गए केन्द्रीय सरकार के आदेशों का डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (एकीकृत) कार्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रादेशिक केन्द्र में पालन किया जाएगा ।

9.1.5 मान्यताप्राप्त केन्द्र वैसी ही प्रवेश प्रक्रिया, जैसी कि प्रादेशिक केन्द्र के लिए है, का अनुसरण करेंगे जो अध्ययन बोर्ड द्वारा अनुमोदित की जाएगी ।

9.1.6 डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (एकीकृत) कार्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रादेशिक केन्द्र के कुलसचिव द्वारा की गई अधिसूचना का राष्ट्रीय समाचार पत्रों में और प्रादेशिक केन्द्र की वेबसाइट पर व्यापक विज्ञापन दिया जाएगा ।

9.1.7 प्रादेशिक केन्द्र, डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (एकीकृत) कार्यक्रम के लिए अन्य देशों से आए छात्रों को इस सम्बन्ध में केन्द्रीय सरकार के सन्नियमों और मानकों का पालन करते हुए, प्रवेश देने के लिए खुला होगा ।

9.2 डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (एकीकृत) कार्यक्रम की प्रकृति :-

9.2.1 प्रादेशिक केन्द्र में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (एकीकृत) कार्यक्रम निम्नलिखित संघटकों से मिलकर बनेगा, अर्थात् :-

(i) पाठ्यक्रम कार्य और शोध निबंध (यदि बहिर्गमन विकल्प का प्रयोग किया जाता है या उसकी सिफारिश की जाती है) ;

(ii) डॉक्टरल शोधपत्र के प्रस्तुतीकरण के लिए अनुसंधान कार्य ।

9.2.2 इस अध्यादेश में निर्दिष्ट डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (एकीकृत) कार्यक्रम की अवधि कम से कम पांच वर्ष और अधिक से अधिक सात वर्ष होगी जिसके अन्तर्गत पाठ्यक्रम कार्य भी है और ऐसे पाठ्यक्रम कार्य का सामान्य उद्देश्य छात्रों को मौलिक प्रयोगशाला कौशल से अवगत कराना और विशेषीकृत क्षेत्रों में अनुसंधान करने के लिए जैव प्रौद्योगिकी के व्यापक ज्ञान उपलब्ध कराना होगा ।

9.2.3 अध्यादेश 8.2.3 के अधीन गठित व्यष्टिक विनिर्दिष्ट छात्र सलाहकार समिति (एसएसी) प्रादेशिक केन्द्र में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (एकीकृत) कार्यक्रम में प्रवेश दिए गए प्रत्येक छात्र का नियमित मॉनीटरी, पर्यवेक्षण और उसका मार्गदर्शन करेगी।

9.2.4 सात वर्ष की अवधि से आगे अधिछात्रवृत्ति अध्यादेश 9.2.3 में निर्दिष्ट व्यष्टिक विनिर्दिष्ट छात्र सलाहकार समिति की सिफारिश और शैक्षणिक समिति द्वारा किए गए अनुमोदन के आधार पर जारी रह सकेगी किन्तु यह अवधि आठ वर्ष की अवधि से आगे नहीं बढ़ायी जाएगी।

9.2.5 प्रादेशिक केन्द्र में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (एकीकृत) कार्यक्रम में प्रवेश दिए गए छात्र को अध्ययन बोर्ड द्वारा यथा-विनिर्दिष्ट पाठ्यक्रम कार्य को पूरा करना है ।

9.2.6 अष्ट बिन्दु मानदंड पर अध्यादेश 9.2.5 में निर्दिष्ट छात्र से अध्याय 9.2.5 में निर्दिष्ट पाठ्यक्रम कार्य में 6.5 की न्यूनतम संचेय ग्रेड प्वाइंट औसत प्राप्त करने की अपेक्षा की जाती है।

9.2.7 अध्यादेश 9.2.5 में निर्दिष्ट छात्र कार्यकारी निदेशक द्वारा नियुक्त मार्गदर्शक के पर्यवेक्षणाधीन शोधपत्र अनुसंधान कार्य करेंगे और प्रगति को प्रत्येक वर्ष में कम से कम एक बार व्यष्टिक विनिर्दिष्ट छात्र सलाहकार समिति द्वारा मॉनीटर किया जाएगा।

9.2.8 अध्यादेश 9.2.5 में निर्दिष्ट छात्र अध्यादेश 9.2.3 में निर्दिष्ट व्यष्टिक विनिर्दिष्ट छात्र सलाहकार समिति को अनुसंधान के प्रथम वर्ष में पूरा करने के एक मास पूर्व प्रगति की प्रस्तुती करेंगे।

9.2.9 व्यष्टिक विनिर्दिष्ट छात्र सलाहकार समिति अनुसंधान के लिए ऐसे छात्र की प्रगति और अभिरूचि का मूल्यांकन करेगी तथा तद्नुसार अध्यादेश 9.2.3 में निर्दिष्ट व्यष्टिक विनिर्दिष्ट छात्र सलाहकार समिति डॉक्टरल शोधपत्र या मास्टर शोध निबंध के रूप में छात्र द्वारा किए गए कार्य के प्रस्तुत किए जाने के लिए अधिछात्रवृत्ति और अनुसंधान कार्य को जारी रखने की सिफारिश करेगी।

9.2.10 अध्यादेश 9.2.5 में निर्दिष्ट छात्र पाठ्यक्रम कार्य और शोध निबंध से अनुबंधित श्रेयों को प्राप्त करने के पश्चात् मास्टर डिग्री के साथ डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (एकीकृत) कार्यक्रम को ड्रॉप आउट करने के विकल्प का भी प्रयोग कर सकेगा।

9.2.11 मास्टर शोध निबंध के कार्य रिपोर्ट की अध्यादेश 9.2.5 में निर्दिष्ट छात्र द्वारा प्रस्तुति और मौखिक परीक्षा के माध्यम से अध्यादेश 9.2.3 में निर्दिष्ट व्यष्टिक विनिर्दिष्ट छात्र सलाहकार समिति द्वारा जांच की जाएगी और यदि संतोषजनक पाया जाए तो अध्यादेश 9.2.3 में निर्दिष्ट व्यष्टिक विनिर्दिष्ट छात्र सलाहकार समिति इस आशय का एक प्रमाणपत्र जारी करेगी।

9.2.12 पाठ्यक्रम कार्य और मास्टर निबंध शोध के सफलतापूर्वक पूरा हो जाने के पश्चात् प्रादेशिक केन्द्र का कुलसचिव अध्यादेश 9.2.5 में निर्दिष्ट छात्र को ग्रेड कार्ड जारी करेगा और उन छात्रों को, जो अध्ययन बोर्ड न्यूनतम विनिर्दिष्ट या उससे अधिक संचय ग्रेड प्वाइंट औसत प्राप्त करते हैं, विज्ञान निष्णात की डिग्री प्रदान की जाएगी।

9.2.13 इस बारे में विनिश्चय कि क्या अध्यादेश 9.2.5 में निर्दिष्ट छात्र को पहले प्रयास में आवश्यक ग्रेड प्राप्त न करने की दशा में दूसरा और अन्तिम अवसर अनुज्ञात किया जाएगा या नहीं, व्यष्टिक विनिर्दिष्ट छात्र सलाहकार समिति की सिफारिशों के आधार पर शैक्षणिक समिति द्वारा किया जाएगा।

9.2.14 डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (एकीकृत) कार्यक्रम से जल्दी बहिर्गमन करनेवाले अध्यादेश 9.2.5 में निर्दिष्ट छात्र को प्रादेशिक केन्द्र के कुलसचिव द्वारा पूरे किए गए पाठ्यक्रमों के लिए प्राप्त श्रेयों का प्रमाणपत्र दिया जाएगा।

अध्यादेश – 10

विज्ञान निष्णात उपाधि कार्यक्रम

10.1 प्रवेश :-

10.1.1 प्रादेशिक केन्द्र में विज्ञान निष्णात कार्यक्रम में प्रवेश के लिए न्यूनतम अर्हता विज्ञान या इंजीनियरी या आयुर्विज्ञान में बैचलर डिग्री या उसके समतुल्य डिग्री होगी और शैक्षणिक समिति ऐसे प्रवेश के लिए आवेदन करने हेतु न्यूनतम अर्हक अंक अनुमोदित करेगी।

10.1.2 प्रादेशिक केन्द्र में विज्ञान निष्णात कार्यक्रम में आवेदकों का प्रवेश अध्ययन बोर्ड द्वारा यथा-अनुमोदित लिखित परीक्षा या साक्षात्कार या दोनों के द्वारा होगा।

10.1.3 आरक्षण और छूट से सम्बन्धित समय-समय पर जारी किए गए केन्द्रीय सरकार के आदेशों का विज्ञान निष्णात कार्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रादेशिक केन्द्र में पालन किया जाएगा।

10.1.4 मान्यताप्राप्त केन्द्र वैसी ही प्रवेश प्रक्रिया, जैसी कि प्रादेशिक केन्द्र के लिए है, का अनुसरण करेंगे जो अध्ययन बोर्ड द्वारा अनुमोदित की जाएगी।

10.1.5 विज्ञान निष्णात कार्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रादेशिक केन्द्र के कुलसचिव द्वारा की गई अधिसूचना का राष्ट्रीय समाचार पत्रों में और प्रादेशिक केन्द्र की वेबसाइट पर व्यापक विज्ञापन दिया जाएगा।

10.1.6 प्रादेशिक केन्द्र, विज्ञान निष्णात कार्यक्रम के लिए अन्य देशों से आए छात्रों को इस सम्बन्ध में केन्द्रीय सरकार के सन्नियमों और मानकों का पालन करते हुए, प्रवेश देने के लिए खुला होगा।

10.2 विज्ञान निष्णात कार्यक्रम की प्रकृति :-

10.2.1 प्रादेशिक केन्द्र में विज्ञान निष्णात कार्यक्रम और मान्यताप्राप्त केन्द्र निम्नलिखित संघटकों से मिलकर बनेगा, अर्थात् :-

(i) पाठ्यक्रम कार्य ; और

(ii) मास्टर शोधपत्र के प्रस्तुतीकरण के लिए अनुसंधान कार्य ।

10.2.2 प्रादेशिक केन्द्र और मान्यताप्राप्त केन्द्र में विज्ञान निष्णात कार्यक्रम की अवधि सामान्यतः दो वर्ष होगी जिसके अन्तर्गत पाठ्यक्रम कार्य भी है और ऐसे पाठ्यक्रम कार्य का सामान्य उद्देश्य छात्रों को मौलिक प्रयोगशाला कौशल से अवगत कराना और विशेषीकृत क्षेत्रों में अनुसंधान करने के लिए जैव प्रौद्योगिकी का व्यापक ज्ञान उपलब्ध कराना होगा ।

10.2.3 कार्यकारी निदेशक द्वारा गठित व्यष्टिक विनिर्दिष्ट छात्र सलाहकार समिति (एसएसी) प्रादेशिक केन्द्र में विज्ञान निष्णात कार्यक्रम में प्रवेश दिए गए प्रत्येक छात्र की नियमित मॉनीटरी, पर्यवेक्षण और उसका मार्गदर्शन करेगी।

10.2.4 अध्यादेश 10.2.2 में निर्दिष्ट दो वर्ष की अवधि से आगे अधिछात्रवृत्ति व्यष्टिक विनिर्दिष्ट छात्र सलाहकार समिति की सिफारिश और शैक्षणिक समिति द्वारा किए गए अनुमोदन के आधार पर जारी रह सकेगी किन्तु ऐसी अवधि तीन वर्ष की अवधि से आगे नहीं बढ़ायी जाएगी ।

10.2.5 प्रादेशिक केन्द्र या मान्यताप्राप्त केन्द्रों में विज्ञान निष्णात कार्यक्रम में प्रवेश दिए गए छात्रों को अध्ययन बोर्ड द्वारा यथा-विनिर्दिष्ट पाठ्यक्रम कार्य को पूरा करना है।

10.2.6 अष्ट बिन्दु मानदंड पर प्रादेशिक केन्द्र या मान्यताप्राप्त केन्द्र में विज्ञान निष्णात कार्यक्रम में प्रवेश दिए गए छात्र से अध्ययन बोर्ड द्वारा यथा-विनिर्दिष्ट पाठ्यक्रम कार्य में 6.5 की न्यूनतम संचयी ग्रेड प्वाइंट औसत प्राप्त करने की अपेक्षा की जाती है ।

10.2.7 निबंध शोध कार्य प्रादेशिक केन्द्र या मान्यताप्राप्त केन्द्र या किसी सहयोगी जैव प्रौद्योगिकी उद्योग भागीदार में विज्ञान निष्णात कार्यक्रम में प्रवेश दिए गए छात्र द्वारा किया जा सकता है ।

10.2.8 अध्यादेश 10.2.7 में निर्दिष्ट शोध निबंध के रिपोर्ट की सम्बद्ध छात्र द्वारा प्रस्तुति और मौखिक परीक्षा के माध्यम से व्यष्टिक विनिर्दिष्ट छात्र सलाहकार समिति द्वारा जांच की जाएगी और यदि संतोषजनक पाया जाए तो व्यष्टिक विनिर्दिष्ट छात्र सलाहकार समिति इस आशय का एक प्रमाणपत्र जारी करेगी ।

10.2.9 अध्यादेश 10.2.5 में निर्दिष्ट पाठ्यक्रम कार्य और अध्यादेश 10.2.7 में निर्दिष्ट निबंध शोध कार्य के सफलतापूर्वक पूरा हो जाने के पश्चात् प्रादेशिक केन्द्र का कुलसचिव सम्बद्ध छात्र को ग्रेड कार्ड जारी करेगा ।

10.2.10 उन छात्रों द्वारा, जिन्हें प्रादेशिक केन्द्र या मान्यताप्राप्त केन्द्र में विज्ञान निष्णात कार्यक्रम में प्रवेश दिया गया है और जो अध्ययन बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट न्यूनतम के बराबर या उससे अधिक अंक या ग्रेड प्राप्त करते हैं, पाठ्यक्रम अपेक्षाओं को सफलतापूर्वक पूरा करना घोषित किया जाएगा और जैव प्रौद्योगिकी में विज्ञान निष्णात की उपाधि प्रदान की जाएगी ।

10.2.11 इस बारे में विनिश्चय कि क्या प्रादेशिक केन्द्र या मान्यताप्राप्त केन्द्र में विज्ञान निष्णात कार्यक्रम में प्रवेश दिए गए छात्र को पहले प्रयास में आवश्यक ग्रेड प्राप्त न करने की दशा में दूसरा और अन्तिम अवसर अनुज्ञात किया जाएगा या नहीं, अध्यादेश 10.2.3 में निर्दिष्ट छात्र व्यष्टिक विनिर्दिष्ट छात्र सलाहकार समिति की सिफारिशों के आधार पर शैक्षणिक समिति द्वारा किया जाएगा ।

10.2.12 प्रादेशिक केन्द्र या मान्यताप्राप्त केन्द्र में विज्ञान निष्णात कार्यक्रम में प्रवेश दिया गया ऐसा छात्र को, जो कार्यक्रम से जल्दी बहिर्गमन करता है, कुलसचिव द्वारा पूरे किए गए पाठ्यक्रमों के लिए प्राप्त श्रेयों का प्रमाणपत्र दिया जा सकेगा ।

अध्यादेश – 11

स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम

11.1 प्रवेश :-

11.1.1 प्रादेशिक केन्द्र में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडी) में प्रवेश के लिए न्यूनतम अर्हता विज्ञान या इंजीनियरी या आयुर्विज्ञान में बैचलर डिग्री होगी या उसके समतुल्य डिग्री और उसमें शैक्षणिक समिति द्वारा यथा-निर्धारित न्यूनतम अंक भी होंगे ।

11.1.2 प्रादेशिक केन्द्र में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम में प्रवेश के लिए छात्रों का चयन अध्ययन बोर्ड द्वारा यथा--विनिश्चत लिखित परीक्षा या साक्षात्कार या दोनों के माध्यम से किया जाएगा ।

11.1.3 आरक्षण और छूट से सम्बन्धित समय-समय पर जारी किए गए केन्द्रीय सरकार के आदेशों का प्रादेशिक केन्द्र में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम में प्रवेश के लिए पालन किया जाएगा ।

11.1.4 स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रादेशिक केन्द्र के कुलसचिव द्वारा अधिसूचना राष्ट्रीय समाचार पत्रों तथा प्रादेशिक केन्द्र की वेबसाइट में व्यापक रूप से विज्ञापित की जाएगी ।

11.1.5 प्रादेशिक केन्द्र में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम के लिए अन्य देशों से आए छात्रों को प्रवेश देने हेतु इस सम्बन्ध में केन्द्रीय सरकार के सन्नियमों और मानकों का अनुसरण करते हुए खुला है ।

11.2 स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम की प्रकृति :-

11.2.1 स्नात्तकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम एक शैक्षणिक वर्षीय अवधि का होगा और यदि पाठ्यक्रम कार्य की कोई पुनरावृत्ति या पुनः परीक्षा अपेक्षित है तो इसे अध्ययन के कार्यक्रम में छात्र के प्रवेश की तारीख से अधिकाधिक दो वर्ष में किया जाएगा ।

11.2.3 प्रादेशिक केन्द्र में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम के लिए पाठ्यक्रम वह होगा जो अध्ययन बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाए ।

11.3 डिप्लोमा प्रदान करना :-

11.3.1 अष्ट बिन्दु मानदंड पर, प्रादेशिक केन्द्र में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम में प्रवेश दिए गए छात्र से अपेक्षा की जाती है कि वह पाठ्यक्रम कार्य में न्यूनतम 6.0 संचयी ग्रेड प्वाइन्ट औसत (सीजीपीए) प्राप्त करें ।

11.3.2 प्रादेशिक केन्द्र में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम में प्रवेश दिए गए सभी छात्रों का परीक्षा परिणाम शैक्षणिक समन्वयक द्वारा प्रादेशिक केन्द्र के संकायाध्यक्ष को संसूचित किया जाएगा और सफल अभ्यर्थियों को अध्ययन बोर्ड की सिफारिश पर बोर्ड द्वारा अनुमोदित स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा ।

अध्यादेश – 12

शिक्षण और मूल्यांकन

12.1 प्रादेशिक केन्द्र या मान्यताप्राप्त केन्द्र में अनुदेश का माध्यम अंग्रेजी भाषा होगा ।

12.2 प्रत्येक पाठ्यक्रम को प्रादेशिक केन्द्र और मान्यताप्राप्त केन्द्रों में क्रेडिट यूनिटों के निबंधनानुसार अपनी वरीयता के साथ अध्ययन बोर् के अनुमोदन की अपेक्षा होगी और केवल इस प्रकार अनुमोदित पाठ्यक्रम किसी भी सेमेस्टर के दौरान प्रदान किए जा सकते हैं ।

12.3 अध्यादेश 12.2 के अधीन प्रत्येक अनुमोदित पाठ्यक्रम, जब भी किसी सेमेस्टर में प्रदान किया जाए, अनुदेशकों या शिक्षकों या अनुबद्ध या अभ्यागत संकाय की अपेक्षित संख्या की सहायता से समनुदेशित पाठ्यक्रम समन्वयक द्वारा संचालित की जाएगी और पाठ्यक्रम समन्वयक पाठ्यक्रम संचालन, परीक्षाएं करवाने, सम्बद्ध छात्रों के निष्पादन का मूल्यांकन तथा सेमेस्टर की समाप्ति पर ग्रेड प्रदान करने के लिए जिम्मेदार होगा ।

12.4 किसी भी सेमेस्टर के दौरान प्रादेशिक केन्द्र द्वारा प्रस्थापित किए जाने वाले सभी पाठ्यक्रमों की सूची को संबंधित शैक्षणिक समन्वयक द्वारा सेमेस्टर के प्रारम्भ से पूर्व अन्तिम रूप दिया जाएगा ।

12.5 किसी भी सेमेस्टर के दौरान प्रादेशिक केन्द्र में प्रस्थापित किए जाने वाले सभी पाठ्यक्रमों के लिए पाठ्यक्रम समन्वयक सम्बन्धित शैक्षणिक समन्वयक द्वारा समनुदेशित किए जाएंगे ।

12.6 किसी भी कार्यक्रम में प्रादेशिक केन्द्र में प्रत्येक सेमेस्टर में, कम से कम एक मध्य सेमेस्टर परीक्षा और एक अन्त सेमेस्टर परीक्षा होगी और यथा-शक्य, सभी परीक्षाएं घोषित परीक्षा अवधियों के दौरान संचालित की जाएंगी ।

12.7 प्रादेशिक केन्द्र में किसी भी कार्यक्रम में प्रवेश दिए गए ऐसे छात्रों को, जो किसी परीक्षा में वास्तविक कारणों से बैठने में असफल रहते हैं, शैक्षणिक समन्वयक के अनुमोदन के बाद मेकअप परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जा सकेगी ।

12.8 प्रत्येक छात्र को, जिसे किसी पाठ्यक्रम के लिए रजिस्ट्रीकृत किया गया है, सम्बन्धित पाठ्यक्रम समन्वयक द्वारा लेटर ग्रेड प्रदान किया जाएगा और किसी छात्र को प्रदान किया गया ग्रेड विभिन्न परीक्षाओं, प्रश्नोत्तरी, गृह समनुदेशन और प्रयोगशाला कार्य में उसके निष्पादन पर निर्भर करता है ।

12.9 प्रयोग किए जाने वाले लेटर ग्रेड और उनके संख्यात्मक तुल्यांक निम्नानुसार होंगे, अर्थात्:-

लेटर ग्रेड	ग्रेड प्वाइन्ट
A+	9
A	8
B+	7
B	6
C+	5
C	4
D	3
F	0

प्रादेशिक केन्द्र में किसी कार्यक्रम में शोध अनुसंधान या निबंध शोध का "S" और "X" (सन्तोषजनक कार्य के लिए "S" और असन्तोषजनक कार्य के लिए "X") के निबंधनानुसार मूल्याकंन किया जाएगा और ऐसे का "S" और "X" ग्रेडों के संख्यात्मक तुल्यांकों का निर्धारण किया जाना आवश्यक नहीं है ।

12.10 पाठ्यक्रम समन्वयक द्वारा एक बार प्रदान किए गए अध्यादेश 12.9 में निर्दिष्ट लेटर ग्रेड को तब तक बदला नहीं जा सकता, जब तक ग्रेड के परिवर्तन अनुरोध को या तो पाठ्यक्रम समन्वयक द्वारा या पाठ्यक्रम के अनुदेशक या शिक्षक द्वारा प्रादेशिक केन्द्र संकायाध्यक्ष (शैक्षणिक) द्वारा अनुमोदित न कर दिया जाए और ग्रेड परिवर्तन के लिए किसी अनुरोध को अगले सेमेस्टर के आरम्भ के छह सप्ताह के भीतर किया जाएगा और ग्रेड परिवर्तन की सिफारिश करने के क्रम को सही न्यायोचित ठहराया जाएगा ।

12.11 किसी सेमेस्टर में प्रादेशिक केन्द्र में किसी छात्र के शैक्षणिक निष्पादन को सेमेस्टर ग्रेड प्वाइन्ट औसत (सीजीपीए) के निबंधनानुसार मापा जाएगा जो प्राप्त किए गए ग्रेड प्वाइन्टों की महत्व औसत है, महत्व पाठ्यक्रम महत्व या श्रेय हैं । संचयी ग्रेड प्वाइन्ट औसत (सीजीपीए) की संगणना सभी पाठ्यक्रमों के ग्रेड प्वाइन्टों पर विचार करते हुए सदृश रीति में की जाएगी जो प्रादेशिक केन्द्र में छात्र ने कार्यक्रम में प्राप्त किया है ।

12.12 जब कभी प्रादेशिक केन्द्र में किसी छात्र को पाठ्यक्रम को दोहराने या प्रतिस्थापित करने के लिए अनुज्ञात किया जाता है तो पाठ्यक्रम में आरम्भिक ग्रेड को ग्रेड प्वाइन्ट औसत की संगणना में छोड़ दिया जाएगा ।

12.13 अध्यादेश 12.9 में निर्दिष्ट "S" और "X" ग्रेडों पर ग्रेड प्वाइन्ट औसत की संगणना करते समय विचार नहीं किया जाएगा ।

12.14 प्रादेशिक केन्द्र में छात्र को "शैक्षणिक रूप से कमजोर" कहा जाएगा यदि सेमेस्टर प्वाइन्ट औसत के निबंधानुसार किसी नियमित सेमेस्टर के अन्त में उसका निष्पादन <5.0 है और शैक्षणिक समिति ऐसे मामलों का पुनर्विलोकन करेगी तथा जारी रहने के लिए शैक्षणिक रूप से कमजोर छात्र को कोई शर्त लिखित में देगी या छात्र के कार्यक्रम को समाप्त भी कर देगी यदि उनके मूल्यांक में उसका निष्पादन अत्यधिक असन्तोषजनक है ।

12.15 प्रादेशिक केन्द्र में कोई छात्र को, जिसका कार्यक्रम असन्तोषजनक शैक्षणिक निष्पादन के कारण शैक्षणिक समिति द्वारा समाप्त किया गया है, ऐसे पर्यावसान के विरूद्ध अध्ययन बोर्ड के अध्यक्ष को अपील करने का अधिकार होगा और ऐसी अपील करते समय छात्र के खराब शैक्षणिक निष्पादन के कारण बताने की प्रत्याशा की जाती है।

12.16 अध्ययन बोर्ड का अध्यक्ष उपलब्ध सभी इनपुटों पर विचार करने के पश्चात् प्रत्येक ऐसी अपील पर अन्तिम विनिश्चय करेगा और पर्यावसान के पुनर्विलोकन के लिए कोई अतिरिक्त याचिका या अनुरोध अध्ययन बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा तब तक ग्रहण नहीं किया जाएगा जब तक कोई सारवान अतिरिक्त जानकारी उसके यान में नहीं लायी जाती है ।

12.17 अध्यादेश 12.11 में निर्दिष्ट संचयी ग्रेड प्वाइन्ट औसत को निम्नलिखित सूत्र से अंकों की प्रतिशतता में संपरिवर्तित किया जा सकेगा, अर्थात् :-

अंकों की प्रतिशतता = (सीजीपीए x 10) + 15

अध्यादेश – 13

स्नातकीकरण अपेक्षाएं और डिग्री प्रदान करना

13.1 प्रादेशिक केन्द्र या मान्यताप्राप्त केन्द्र में विज्ञान निष्णात कार्यक्रम या डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी कार्यक्रम का छात्र, जिसकी संचयी ग्रेड प्वाइन्ट औसत <6.5 है, स्नातकीकरण के लिए पात्र नहीं है और स्नातकीकरण डिप्लोमा कार्यक्रम का कोई, जिसकी संचयी ग्रेड प्वाइन्ट औसत <6.0 है, डिप्लोमा प्रमाणपत्र के लिए पात्र नहीं होगा।

13.2 प्रादेशिक केन्द्र या मान्यताप्राप्त केन्द्र में किसी छात्र के बारे में यह समझा जाएगा कि उसने स्नातकीकरण की अपेक्षाएं पूरी कर ली हैं, यदि छात्र ने –

(क) ऐसे स्नातकीकरण के विहित सभी पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किए हैं ;

(ख) अपेक्षित संचयी ग्रेड प्वाइन्ट औसत प्राप्त की है ;

(ग) न्यूनतम शैक्षणिक और आवास सम्बन्धी अपेक्षाओं को पूरा किया है ;

(घ) प्रादेशिक केन्द्र या सम्बद्ध मान्यताप्राप्त केन्द्र द्वारा विनिर्दिष्ट सभी अपेक्षाओं, यदि कोई हों, को पूरा किया है ;

(ङ) इन अध्यादेशों के अधीन अध्ययन बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट सभी अपेक्षाओं को पूरा किया है और इसके अतिरिक्त, छात्र ने प्रादेशिक केन्द्र या सम्बद्ध मान्यताप्राप्त केन्द्र को सभी शोध्यों का संदाय किया है और ऐसे छात्र के विरूद्ध अनुशासनहीनता का कोई मामला लम्बित नहीं है ।

13.3 ऐसा छात्र, जिसने अध्यादेश 13.2 के अधीन सभी स्नातकीकरण अपेक्षाएं पूरी कर ली हैं, की आने वाले दीक्षांत समारोह में समुचित डिग्री या डिप्लोमा प्रदान करने के लिए बोर्ड को अध्ययन बोर्ड द्वारा सिफारिश की जाएगी और डिग्री या डिप्लोमा केवल तभी प्रदान किया जा सकेगा, जब बोर्ड ने डिग्री या डिप्लोमा प्रदान करने का अनुमोदन कर दिया हो किन्तु कार्यकारी निदेशक आवश्यकतानुसार उस मामले में अनन्तिम डिग्री या डिप्लोमा प्रमाणपत्र जारी कर सकेगा ।

13.4 अत्यंत आपवादिक परिस्थितियों में, जहां अध्यादेश 13.2 के अधीन बाद वाले प्रक्रम पर स्नातकीकरण अपेक्षाओं के घोर अतिक्रमण का पता चलता है, वहां अध्ययन बोर्ड अध्यादेश 13.3 के अधीन पहले ही प्रदान की गई डिग्री या डिप्लोमा को वापस लेने के लिए बोर्ड को सिफारिश कर सकेगा ।

13.5 बोर्ड उपस्थित दो तिहाई से अन्यून बहुमत द्वारा पारित संकल्प द्वारा मान्य और पर्याप्त कारण के लिए प्रादेशिक केन्द्र और किसी व्यक्ति को प्रदान किए डिग्री या शैक्षणिक सम्मान या अनुदत्त किसी प्रमाणपत्र या डिप्लोमा को वापस ले सकेगा : परंतु ऐसा कोई संकल्प तब तक पारित नहीं किया जाएगा जब तक कि उससे यह अपेक्षा करते हुए ऐसे व्यक्ति को ऐसे समय के भीतर, जो सूचना में विनिर्दिष्ट किया जाए, कारण बताओ की सूचना लिखित में नहीं दे दी गई हो और उसके आक्षेप, यदि कोई हों और कोई साक्ष्य, जो वह उनके समर्थन में प्रस्तुत कर सके, अध्ययन बोर्ड द्वारा विचार किए जाने तक और बोर्ड को सिफारिश किए जाने तक कि ऐसा संकल्प क्यों नहीं पारित किया जाए ।

अध्यादेश – 14

छात्रों द्वारा संदेय फीस

14.1 अध्ययन के विभिन्न कार्यक्रमों के लिए प्रादेशिक केन्द्र में छात्रों द्वारा संदेय फीस और अन्य प्रभारों के ब्यौरे अध्ययन बोर्ड के अनुमोदन के पश्चात् समय-समय पर प्रादेशिक केन्द्र द्वारा जारी प्रवेश विवरणिका या प्रोस्पेक्टस में विनिर्दिष्ट किए जाएंगे ।

14.2 अध्ययन के पाठ्यक्रम के लिए प्रादेशिक केन्द्र में प्रवेश दिए गए छात्र फीस का, जिसके अन्तर्गत अध्ययन बोर्ड द्वारा समय-समय पर यथा-विहित और प्रादेशिक केन्द्र या मान्यताप्राप्त केन्द्र द्वारा अधिसूचित हॉस्टल फीस और मेस प्रभार भी हैं, का संदाय करेंगे ।

14.3 फीस के अन्तर्गत छात्र द्वारा शैक्षणिक प्रशासन फीस, शिक्षण फीस, अवधान निक्षेप, पूर्व छात्र फीस, जुर्माना तथा छात्र द्वारा कोई अन्य संदाय, जिसके कार्यकारी निदेशक के अनुमोदन से समय-समय पर प्रवृत्त अधिसूचना के अनुसार संदत्त किए जाने की अपेक्षा की जाए, भी है ।

14.4 कार्यकारी निदेशक को इस प्रयोजन के लिए उसके द्वारा गठित समिति की सिफारिश पर अध्ययन कार्यक्रम के लिए प्रादेशिक केन्द्र में छात्र को पूर्ण या आंशिक फीस माफ करने की शक्ति होगी । परंतु ऐसी फीस माफी, ऐसे विशिष्ट अध्ययन कार्यक्रम में कुल छात्र संख्या के पांच प्रतिशत से अधिक नहीं होगी ।

14.5 ऐसी फीस माफी की मंजूरी के लिए छात्रों के आवेदनों पर सिफारिश करते समय निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखा जाएगा, अर्थात् :-

(i) छात्र द्वारा शैक्षणिक अभिलेख में उपलब्धियां ;

(ii) छात्र के माता-पिता या संरक्षक की वित्तीय स्थिति ;

(iii) कोई ऐसी अन्य बातें, जो छात्र के अभिलेख में रखी जाएं ।

14.6 मान्यताप्राप्त केन्द्र के छात्र अध्ययन बोर्ड द्वारा समय-समय पर यथा-विनिर्दिष्ट शैक्षणिक प्रशासन फीस का ही संदाय करेंगे ।

14.7 प्रादेशिक केन्द्र की फीस संरचना का प्रत्येक तीन वर्ष में अध्ययन बोर्ड द्वारा पुनर्विलोकन किया जाएगा और तद्नुसार उसे प्रादेशिक केन्द्र द्वारा अधिसूचित किया जाएगा ।

अध्यादेश – 15

अध्येतावृत्ति, छात्रवृति और पुरस्कार

15.1 प्रादेशिक केन्द्र के डॉक्टरल छात्र प्रसामान्यतः वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद् या भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् या जैव प्रौद्योगिकी विभाग या विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग या किसी अन्य ऐसे स्रोत, जिसके लिए उन्होने अर्हता प्राप्त की है और पात्र घोषित किए गए हैं, से अध्येतावृत्ति प्राप्त करेंगे और प्रादेशिक केन्द्र उनके मामलों को अध्येतावृत्ति प्रदान करने वाले अभिकरणों को प्रायोजित करेंगे या अग्रेषित करेंगे जिससे कि वे अध्येतावृत्ति प्राप्त करने में समर्थ हो सकें ।

15.2 प्रादेशिक केन्द्र विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों में अध्ययन करने वाले अपने छात्रों को छात्रवृत्ति या अध्येयतावृत्ति या सहायता भी प्रदान कर सकेगा और ऐसे पुरस्कारों के लिए प्रक्रिया बोर्ड द्वारा अनुमोदित की जाएगी : परंतु ये पुरस्कार कदाचार, जानबूझकर तात्विक तथ्यों के छिपाये जाने या बोर्ड द्वारा यथा-अनुमोदित रीति में मिथ्या जानकारी के दिए जाने के मामले में भागतः या पूर्णतः वापस लिए जाने के दायी होंगे ।

15.3 अध्ययन कार्यक्रम पूरा किए बिना स्वप्रेरणा से प्रादेशिक केन्द्र छोड़ने वाले प्रादेशिक केन्द्र के छात्रों से उस वर्ष के दौरान प्राप्त पुरस्कार राशि की रकम के प्रतिदाय की अपेक्षा की जा सकेगी ।

15.4 प्रादेशिक केन्द्र का कोई छात्र एक साथ दो छात्रवृत्तियां या पुरस्कार प्राप्त नहीं करेगा ।

15.5 प्रादेशिक केन्द्र के छात्रों को छात्रवृत्तियों का पाठ्यक्रम की विनिर्दिष्ट अवधि या अध्येतावृति प्रदान करने वाले अभिकरण द्वारा नियत अवधि से परे संदाय नहीं किया जाएगा ।

15.6 प्रादेशिक केन्द्र में छात्रों शैक्षणिक उत्कर्ष, प्रश्नात्मक नेतृत्व और समग्र विकास तथा प्रगति का संवर्धन करने और मान्य ठहराने के लिए अध्ययन बोर्ड प्रादेशिक केन्द्र द्वारा या विन्यास या दानदाताओं के अनुदान के माध्यम से संस्थित किए जाने वाले पुरस्कारों तथा पदक प्रदान करेगा और ऐसे पुरस्कारों के लिए संस्थान के सन्नियम और शर्तें बोर्ड के अनुमोदन की अपेक्षा करेंगे ।

